वर्ष-01, अंक- 297
छपरा
28 अगस्त बुधवार 2024
पृष्ठ - 04

दैनिक खोजखबर
खबरों की सच्चाई से रू-ब-रू
E-mail : dainikkhojkhabar@gmail.com
E-Paper
website : www.dainikkhojkhabar.live



# गुजरात में बाढ़ से 15 लोगों की मौत

## 6 जिलों में सेना तैनात, 30 ट्रेनें रद्द; 23 हजार लोगों का रेस्क्यू

**नई दिल्ली,एजेन्सी।** गुजरात में तेज बारिश और बाढ़ से 2 दिनों 15 लोगों की मौत हुई है। राजकोट, आणंद, मोरबी, खेड़ा, वडोडरा और द्वारका में सेना को तैनात किया गया है।अब तक 23 हजार लोगों को सुरक्षित जगहों पर पहुंचाया गया है। 1 नेशनल हाईवे, 34 स्टेट हाईवे, 636 अन्य सड़कें और 30 ट्रेनें भी रद्द कर दी गई हैं।

मौसम विभाग ने कहा- मोरबी, पंचमहाल, खेड़ा, आणंद और वडोदरा स्थिति सबसे ज्यादा खराब है। इन जिलों में बीते 24 घंटे में 12-12 इंच से भी ज्यादा बारिश रिकॉर्ड की गई है। राज्य में अगले 3 दिन तक भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। मंगलवार सुबह सीएम भूपेंद्र पटेल ने राज्य के सभी प्राइमरी स्कूलों को बंद रखने का ऐलान किया। सूरत में ताप्ती नदी उफान पर है। गुजरात में अगले 2-3 दिन अति भारी बारिश का अलर्ट है।

**गुजरात में 3 दिन तक बारिश का रेड अलर्ट :**मौसम विभाग ने गुजरात में 3 दिन तक बारिश का रेड अलर्ट जारी किया है।

यहां 40-60 किमी/घंटे की रफ्तार से हवा भी चल सकती है। इसके अलावा कई जिलों में बिजली गिरने का भी अलर्ट है। सरकार ने लोगों से कहा है कि घरों से बाहर निकलते समय सावधानी बरतें।

### भागलपुर, मुंगेर और वैशाली में उफान पर गंगा

### निचले इलाकों में घुसा पानी, बिहार में अब तक 24% कम हुई बारिश

**पटना,एजेन्सी।** बिहार में नदियां उफान पर हैं। भागलपुर, मुंगेर और वैशाली में गंगा का जलस्तर बढ़ा हुआ है। इन जिलों के निचले इलाके में पानी घुस गया है। वहीं पटना में मंगलवार की सुबह बारिश हुई। बिहार के 24 जिलों में आज बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। पिछले चार से पांच दिनों से बिहार में, बंगाल में बन रहे चक्रवातीय संचरण का प्रभाव देखा जा रहा है। विभाग के मुताबिक प्रदेश में अब तक 24त्न कम बारिश हुई है।



### आज 14 राज्यों में अलर्ट

राजस्थान में अगस्त में रिकॉर्ड 315 मिलीमीटर बारिश हुई। पिछले 13 साल में अगस्त में इतनी बारिश नहीं हुई। मध्य प्रदेश के अलीराजपुर जिले में भारी बारिश के अलर्ट के चलते स्कूलों की छुट्टी कर दी गई है। आज देश के 14 राज्यों में भारी बारिश का अलर्ट है।

# राज्यसभा में एनडीए को बहुमत, 112 सीटें हुईं

## 12 सीटों के उपचुनाव में 11 निर्विरोध जीतीं, तेलंगाना में कांग्रेस कैंडिडेट की जीत

**नई दिल्ली,एजेन्सी।** राज्यसभा की 12 सीटों पर उपचुनाव में सभी उम्मीदवार निर्विरोध चुने गए। NDA को 11 पर जीत मिली है। इनमें भाजपा 9, अजीत पवार गुट और राष्ट्रीय लोक मोर्चा को एक-एक सीट मिली हैं। वहीं, कांग्रेस का एक उम्मीदवार जीता है। राज्यसभा में 245 सीटें हैं, हालांकि वर्तमान में आठ सीटें, इनमें चार जम्मू-कश्मीर से और चार मनोनीत की सीटें खाली हैं। सदन



की मौजूदा सदस्य संख्या 237 के साथ बहुमत का आंकड़ा 119 है। आज की 11 सीटों की जीत के साथ NDA 112 सीटों तक पहुंच गया है। NDA को छह नामांकित और एक निर्दलीय सदस्य का भी समर्थन प्राप्त है। यानी NDA को राज्यसभा में बहुमत मिल गया है।

# जम्मू-कश्मीर में भाजपा की तीसरी लिस्ट में 29 नाम

## जो लिस्ट वापस ली, उसके 28 प्रत्याशी रिपीट; वैष्णो देवी सीट से कैंडिडेट बदला

श्रीनगर,एजेन्सी। जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के लिए बीजेपी ने मंगलवार को 29 कैंडिडेट्स की तीसरी लिस्ट जारी की है। इसमें सेकेंड फेज के 10 और थर्ड फेज के 19 उम्मीदवारों के नाम हैं। पार्टी ने 26 अगस्त को 5 घंटे में 3 लिस्ट जारी की थीं। सुबह 10 बजे जारी लिस्ट में 44 नाम थे, विरोध हुआ तो लिस्ट वापस ले ली। इसके दो घंटे बाद 15 नाम की नई लिस्ट जारी की। तीन घंटे बाद सिंगल नाम की एक और सूची आई। आज जारी तीसरी लिस्ट में पार्टी ने कल के 28 नाम रिपीट किए हैं। सिर्फ श्रीमाता वैष्णो देवी सीट से पार्टी ने रोहित दुबे की जगह बलदेव राज शर्मा को टिकट दिया है। जम्मू-कश्मीर की 90 सीटों के लिए 18 सितंबर से 1 अक्टूबर के बीच 3 चरणों में मतदान होंगे। नतीजे 4 अक्टूबर 2024 को आएंगे। सरकार बनाने के लिए बहुमत का आंकड़ा 46 है।



# केजरीवाल की न्यायिक हिरासत 3 सितंबर तक बढ़ी

## सीएम बोले- शुगर लेवल डाउन हो रहा, लंच की मांग की; सीबीआई ने 14 दिन की कस्टडी मांगी थी

**नई दिल्ली,एजेन्सी।** दिल्ली शराब नीति से जुड़े CBI केस में सीएम अरविंद केजरीवाल की न्यायिक हिरासत मंगलवार को 3 सितंबर तक बढ़ा दी गई है। केजरीवाल तिहाड़ जेल से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए राउज एवेन्यू कोर्ट में पेश हुए।उन्होंने कोर्ट को बताया कि उनका शुगर लेवल डाउन हो रहा है। इसी वजह से लंच करने की इजाजत मांगी है। CBI ने 14 दिन की ज्यूडिशियल कस्टडी की मांग की थी, लेकिन अदालत ने एक हफ्ते ही हिरासत बढ़ाई। इससे पहले 20 अगस्त को लोअर कोर्ट ने केजरीवाल की न्यायिक हिरासत 27 अगस्त तक के लिए बढ़ा दी थी। दरअसल, दिल्ली हाईकोर्ट ने 5 अगस्त को केजरीवाल की CBI की गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका खारिज कर दी थी। साथ ही जमानत के लिए लोअर कोर्ट जाने को कहा था।23 अगस्त को CBI ने कोर्ट को बताया कि उन्हें शराब नीति मामले में अरविंद केजरीवाल और आप विधायक दुर्गेश पाठक पर केस चलाने की मंजूरी मिल गई है।

# पटना हाईकोर्ट के जज की याचिका पर सुनवाई करेगा सुप्रीम कोर्ट

## पदोन्नति के बाद 10 महीने से नहीं मिला है वेतन

**नई दिल्ली/पटना,एजेन्सी।** सुप्रीम कोर्ट पटना हाईकोर्ट के जज जस्टिस रुद्र प्रकाश मिश्रा की याचिका पर सुनवाई करेगा। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट ने मौजूदा और पूर्व हाई कोर्ट जजों की पेंशन और वेतन से जुड़ी अन्य याचिकाओं पर भी नोटिस जारी किए। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ और जस्टिस जे बी पारदीवाला और मनोज मिश्रा की बेंच ने मामले की सुनवाई बाद में करने का इरादा किया था, लेकिन हाई कोर्ट जज के वकील की तरफ से मुद्दा उठाए जाने के बाद बेंच ने पहले की तारीख तय कर दी।

**बिहार सरकार ने दिया नई पेंशन स्कीम का हवाला :**मामले में सीजेआई ने कहा, शुक्रवार को इस पर सुनवाई करें। उन्होंने उनके मामले को याचिकाओं के समूह से अलग करने का आदेश दिया। बेंच में एमिकस क्यूरी के तौर पर मदद कर रहे सीनियर एडवोकेट के परमेश्वर ने कहा कि हाई कोर्ट के जस्टिस रुद्र प्रकाश मिश्रा को वेतन नहीं मिल रहा है, क्योंकि बिहार सरकार का कहना है कि उसने नई पेंशन स्कीम शुरू की है।

**सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र-राज्य को जारी किया नोटिस :**परमेश्वर ने कहा, यह पूरा मामला न्यायिक अधिकारियों के लिए वन रैंक वन पेंशन और राज्यों की तरफ से पुरानी पेंशन योजनाओं और नई पेंशन योजनाओं में उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की पेंशन से संबंधित एक अन्य मामले से संबंधित है। सीजेआई ने कहा, एक ही कैडर के न्यायाधीशों की पेंशन में अंतर नहीं हो सकता। इससे पहले 12 जनवरी को पीठ ने न्यायमूर्ति मिश्रा की याचिका पर सुनवाई करने पर सहमति जताई थी, जिन्हें 4 नवंबर, 2023 को जिला न्यायपालिका से उच्च न्यायालय में पदोन्नत किया गया था। उन्होंने सामान्य भविष्य निधि खाता खोलने और उनका वेतन जारी करने के लिए हस्तक्षेप करने की मांग की थी। इसके बाद पीठ ने केंद्र और बिहार सरकार समेत अन्य को नोटिस जारी कर याचिका पर जवाब मांगा था।

**पदोन्नति के बाद से रुका है**




**न्यायमूर्ति का वेतन :**न्यायमूर्ति रुद्र प्रकाश मिश्रा के वकील ने पीठ से याचिकाकर्ता का अस्थायी जीपीएफ खाता खोलने के लिए अंतरिम आदेश पारित करने का आग्रह किया था। पीठ ने कहा था कि वह दो सप्ताह बाद मामले की सुनवाई करेगी। अधिवक्ता प्रेम प्रकाश के माध्यम से दायर याचिका में कहा गया है, याचिकाकर्ता पटना, बिहार उच्च न्यायालय के वर्तमान न्यायाधीश हैं, जिन्हें राज्य की उच्च न्यायिक सेवा से उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में पदोन्नत किया गया है और वे अपने जीपीएफ खाते को खोलने, वेतन जारी करने आदि के लिए इस न्यायालय से अनुग्रह की मांग कर रहे हैं।

**न्यायमूर्ति को जीपीएफ खाता नहीं किया गया आवंटित :**याचिका में कहा गया है कि रुद्र प्रकाश मिश्रा के उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में पदोन्नत होने के बाद, संबंधित दस्तावेज जमा करने के बावजूद उन्हें जीपीएफ खाता आवंटित नहीं किया गया। याचिका में कहा गया है, एनपीएस (नई पेंशन योजना) से जीपीएफ (पुरानी पेंशन योजना के तहत सामान्य भविष्य निधि) खाते में स्थानांतरण को लेकर उलझन के कारण जीपीएफ लाभ से वंचित होने की उचित आशंका के तहत, याचिकाकर्ता को अत्यधिक मानसिक और वित्तीय उत्पीड़न का सामना करना पड़ रहा है, इसलिए याचिकाकर्ता ने नवंबर 2023 के महीने से अपना वेतन नहीं लेना पसंद किया। अन्य प्रार्थनाओं के अलावा, याचिका में सर्वोच्च न्यायालय से यह घोषित करने की मांग की गई है कि याचिकाकर्ता उच्च न्यायालय न्यायाधीश (वेतन और सेवा की शर्तें) अधिनियम, 1954 की धारा 20 के अनुसार जीपीएफ खाते में राशि जमा करने का हकदार है।

## कोलकाता रेप-मर्डर केस, प्रदर्शन में 100 से ज्यादा छात्र घायल

# पुलिस का लाठीचार्ज, वाटर कैनन चलाई, आंसू-गैस के गोले दागे; भाजपा का आज बंगाल

**कोलकाता (एजेन्सी)।** कोलकाता के अस्पातल में महिला डॉक्टर से रेप और हत्या के विरोध नबन्ना अभियान प्रदर्शन हिंसक हो गया। प्रशासन को पहले से ही आंदोलन में हिंसा का अंदेशा था इसलिए 6000 से ज्यादा पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया था। वहीं पुलिस ने इसके पीछे राजनीतिक साजिश के आरोप भी लगाए थे। जानकारी के मुताबिक नबन्ना प्रोटेस्ट के दौरान छात्रों ने बैरिकेडिंग तोड़ दी। वहीं प्रदर्शनकारियों ने पत्थरबाजी भी की जिसके बाद पुलिस ने लाठीचार्ज कर दिया। प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर कनरे के लिए आंसू गैस के गोले भी छोड़े गए। कई प्रदर्शनकारियों को हिरासत में भी लिया गया है। इस प्रदर्शन का आह्वान पश्चिम बंगा छात्र समाज ने किया था। एहतियातन पहले ही हावड़ा ब्रिज को सील कर दिया गया था और मुख्यमंत्री आवास समेत कई नेताओं की सुरक्षा बढ़ा दी गई थी।



वहीं प्रदर्शन को रोकने के लिए कई रास्तों को बंद किया गया था। जानकारी के मुताबिक रवींद्रभारती विश्वविद्यालय के छात्र प्रबीर दास और कल्याणी विश्वविद्यालय के शुभंकर की अगुआई में इस प्रदर्शन का आयोजन किया गया था।

ये प्रदर्शनकारी मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का इस्तीफा मांग रहे हैं। कोलकाता में 8-9 अगस्त को आरजी कर मेडिकल कॉलेज में ट्रेनी डॉक्टर से रेप-मर्डर के विरोध में मंगलवार को छात्र और मजदूर संगठन रैली निकाल रहे हैं। नबन्ना अभिजन मार्च निकाल रहे पश्चिम बंग छात्र समाज और संग्रामी जौथा मंच ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के इस्तीफे की मांग की है। नबन्ना पश्चिम बंगाल सरकार का सचिवालय है, जहां मुख्यमंत्री, मंत्री और अफसर बैठते हैं। प्रदर्शनकारियों की रैली दोपहर करीब 12-45 बजे शुरू हुई।

### कोलकाता रेप या गैंगरेप,CBI एम्स एक्सपर्ट्स की मदद लेगी

### पूर्व प्रिंसिपल संदीप घोष का फिर पॉलीग्राफ टेस्ट हुआ, ईडी ने केस दर्ज किया

**कोलकाता/नई दिल्ली,एजेन्सी।** कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज में ट्रेनी डॉक्टर से रेप और मर्डर केस में जांच एजेंसी सीबीआई दिल्ली एम्स के एक्सपर्ट्स की मदद लेगी। डीएनए और फोरेंसिक रिपोर्ट से पता लगाया जाएगा कि वारदात में संजय रॉय ही एकमात्र आरोपी है या इसमें अपराध में अन्य लोग भी शामिल हैं। इस तरह ये साफ हो जाएगा कि लेडी डॉक्टर से रेप हुआ था फिर गैंगरेप। CBI ने कोलकाता की एक अदालत से एएसआई अनूप दत्ता पर पॉलीग्राफ टेस्ट कराने की परमिशन मांगी है। इसमें पता लगाया जाएगा कि क्या दत्ता ने क्राइम को छिपाने में मुख्य आरोपी संजय रॉय की मदद की थी। उधर, सोमवार को मेडिकल कॉलेज के पूर्व प्रिंसिपल संदीप घोष का फिर पॉलीग्राफ टेस्ट किया गया। इसमें घोष ने CBI को कौन सी बातें बताईं, अभी तक इसकी जानकारी सामने नहीं आई है। इससे पहले 24 अगस्त को उनका और 4 फेलो डॉक्टर के साथ एक वॉलंटियर का पॉलीग्राफ टेस्ट किया गया था। दरअसल, आरजी कर मेडिकल कॉलेज में 9 अगस्त को ट्रेनी डॉक्टर का रेप-मर्डर हुआ था। अस्पताल के सेमिनार हॉल में उनकी बॉडी मिली थी। इस मामले में सिविक वॉलंटियर संजय रॉय को अब तक गिरफ्तार किया गया है।

प्रदर्शनकारियों ने हावड़ा से लगे संतरागाछी में बैरिकेडिंग तोड़ दी। इसके बाद पुलिस ने लाठीचार्ज और वाटर कैनन का इस्तेमाल किया। आंसू गैस के गोले भी छोड़े गए। पुलिस की कार्रवाई में दर्जनों प्रदर्शकारियों के घायल होने की खबर है। पुलिस ने हिंसा का हवाला देते हुए रैली को गैरकानूनी बताया है। प्रदर्शनकारियों को नबन्ना जाने से रोकने के लिए 7 रूट पर तीन लेयर में 6 हजार की फोर्स तैनात है। 19 पॉइंट्स पर बैरिकेडिंग और 21 पॉइंट्स पर डीसीपी तैनात किए गए हैं। हावड़ा ब्रिज बंद कर दिया है। निगरानी के लिए ड्रोन की मदद ली जा रही है। राज्य सचिवालय नबन्ना के पास क्ष्हस् की धारा 163 (ष्ट्ह्क्ष्ट की धारा 144) लगा दी गई है। यहां एक साथ 5 से ज्यादा लोग नहीं जुटेंगे। इसके अलावा यहां क्रेन के जरिए भारी कंटेनर भी सड़कों पर रखे गए हैं, ताकि प्रदर्शकारी आगे न बढ़ पाएं। ममता बनर्जी उस वक्त अपने कार्यालय में ही मौजूद थीं जब प्रदर्शनकारियों ने

# बीजेपी में शामिल होंगे झारखंड के पूर्व सीएम चंपाई सोरेन

## दिल्ली में अमित शाह से की मुलाकात; 30 अगस्त को रांची में लेंगे सदस्यता

**रांची,एजेन्सी।** झारखंड के पूर्व सीएम और झामुमो नेता चंपाई सोरेन 30 अगस्त को भाजपा में शामिल होंगे। असम के सीएम हिमंत बिस्बा सरमा ने सोशल मीडिया एक्स पर इसकी पुष्टि की है। चंपाई सोमवार को दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से भी मिले। जिसके बाद बीजेपी में शामिल होने पर मुहर लगी।

हेमंत सोरेन सरकार में शिक्षा मंत्री चंपाई सोरेन सोमवार को 7 दिन में दूसरी बार दिल्ली पहुंचे थे। जिस समय चंपाई की मुलाकात अमित शाह से हुई तब उस समय हिंमता बिस्वा सरमा और चंपाई के बेटे बाबूलाल सोरेन भी मौजूद थे।

सोमवार को हिमंत बिस्बा सरमा रांची में थे, लेकिन अचानक दिल्ली के लिए रवाना हो गए। रांची में ही हिमंता ने मीडिया में यह संकेत दे



दिया था कि चंपाई भाजपा में शामिल होने जा रहे हैं।

शाम को उनकी मुलाकात चंपाई से कराई गई। इसके बाद दोनों गृहमंत्री अमित शाह से मिलने पहुंचे। 30 अगस्त को रांची में औपचारिक रूप से चंपाई सोरेन बीजेपी में शामिल हो जाएंगे।दिल्ली में चंपाई सोरेन ने अमित शाह से मुलाकात की। इस दौरान उनके बेटे बाबूलाल सोरेन और असम के सीएम हिमंता बिस्वा भी मौजूद रहे। ये तस्वीर असम के सीएम ने अपने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट करते हुए चंपाई सोरेन के बीजेपी में शामिल होने की जानकारी दी है।



# सात दिवसीय भागवत कथा प्रवचन का सारण एसपी ने दीप प्रजवलित कर किया शुभारभ



**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** हरिहर क्षेत्र के पावन भूमि पर बाबा हरिहरनाथ मंदिर स्थित राधा कृष्ण मंदिर मे कृष्ण जन्मोत्सव के अवसर पर भागवत कथा का आयोजन 27 अगस्त से 3 सितंबर तक किया चलेगा । जो संध्याकालीन 4 बजे से 8 बजे तक भागवत कथा होंगी. भागवत कथा को लेकर कलश यात्रा राधा कृष्ण मन्दिर से निकाली गई जो नगर के मीना बाजार, सिद्ध नाथ चौक, चिड़ियाँ बाजार पंजाब बैंक के रास्ते रजिस्ट्री बाजार, सोनपुर गेट भ्रमण करते हुए महेश्वर चौक, गजग्राह चौक, नवलखा मन्दिर होते हुए कालीघाट से पंडितो द्वारा वैदिक मंत्रोचरण के साथ गंगा जलभरी कर मन्दिर प्रांगण मे भारी संख्या मे श्रद्धालु पहुंचे। कथा वचिका राधा किशोरी, राधा कृष्ण मन्दिर समिति के संयोजक सतीश बाबा के नेतृत्व में कलश यात्रा निकाली गयी।वही संध्याकालीन. भागवत कथा का शुभारंभ हरिहरनाथ मंदिर के मुख्य अर्चक सुशील चंद्र शस्त्री के द्वारा वैदिक मन्त्रोंचारण के साथ सारण एसपी कुमार आशीष व राधा कृष्ण मंदिर के व्यवस्थापक पंडित सतीश बाबा ने दीप प्रजवलित कर सात दिवसीय भागवत कथा का शुभारभ किया। इस मौके पर सारण एसपी ने कहाँ कि हरिहर क्षेत्र के भूमि पर पहुँच कर अपने को धन्य समझते हैं. बाबा हरिहरनाथ के कृपा से सभी लोग सुख शांति से रहे. उन्होंने कहाँ कि भागवत कथा सुनने से मन को शुद्धता व परम शांति की अनुभूति होती तथा इसका हर पाठ हम सभी के जीवन को मार्गदर्शन प्रदर्शित करता है जिसका अनुसरण हमें अपने जीवन में करना चाहिए । भगवान के स्मरण करने और भागवत कथा सुनने से जीवन की समस्यो से मुक्ति ही नही मिलती वल्कि जन्म -जन्म के पापों से भी मुक्ति मिलती हैं। मंदिर के व्यवस्थापक सतीश बाबा ने कहे कि श्रीमद भागवत गीता सुनकर मन शांत होता है और समाज को सांसारिक मोह से उपर उठकर मानव कल्याण की सेवा के लिए प्रेरित करती है। ऐसी सेवा जो सच्चाई एवं न्याय का मार्ग अपनाकर जीवन को परहित के लिए समर्पित कर दें। इस मौके पर सोनपुर एसडीपीओ नवल किशोर, सोनपुर थानाध्यक्ष राजनंदन, हरिहरनाथ थानाध्यक्ष स्वर्ण सुप्रिया,भाजपा नेता राकेश सिंह,हरिहरनाथ मंदिर न्यास समिति के सचिव विजय कुमार सिंह, मंदिर के कोषाध्यक्ष निर्भय कुमार सिंह, लालबाबू पटेल, सहित अन्य पंड़ा पुजारी सहित भारी संख्या मे गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## अमनौर में श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर भव्य मटकी फोड़ कार्यक्रम का आयोजन किया गया

**दैनिक खोज खबर/ अमनौर (सारण)।** प्रखण्ड के विजयरामजी दास मठिया राम जानकी मंदिर परिसर में श्री कृष्ण जन्माष्टमी को लेकर मंगलवार को भब्य मटकी फोड़ कार्यक्रम का आयोजन किया गया व़ही शोभायात्रा भी निकाली गई. पूर्व प्राचार्य अम्बिका राय की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में उत्साह के साथ प्रतिभागियों ने मटकी फोड़ाक़ार्यक्रम को देखने के लिए लोगो की काफी भीड़ उमड़ पड़ी. श्री कृष्ण जन्मोत्सव पर वक्ताओं ने कृष्ण लीला पर अपनी अपनी राय रखी. वक्ताओ ने कहा कि श्री कृष्ण का जन्म इस पृथ्वी पर बढ़ते भेद भाव पापाचार को खत्म कर धर्म की स्थापना करना था. भगवान श्रीकृष्ण ने समझाया है हमे केवल अपनी कर्मभूमि में निष्ठा से कार्य करनी चाहिए.फ़ल को ईश्वर की इच्छा में समर्पित करना चाहिए.आयोजक पंकज राय ने अतिथियों को अंगवस्त्र से सम्मानित किया. सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालुभक्त शोभा यात्रा में शामिल हुए. शोभायात्रा अमनौर बाइपास होते हुए अमनौर बाजार का भर्मण किया स़भी श्रद्धालु हरे कृष्ण राधे कृष्ण का जय जयकार करते हुए आगे बढ़ रहे थे. इस मौके पर मुख्य रूप से राजद महासचिव हजरत अल्ली, पूर्व मुखिया विजय विधार्थी, युवा नेता सोनू यादव,मयंक कुमार सिंह,राहुल कुमार अरविंद राम, प्रदीप कुमार राय, अशोक राय ,रजनीश कुमार राय ,नीरज राय, मुकेश राय, समेत सैकड़ो लोग शामिल थे.मंच संचालक सरपंच महेश प्रसाद यादव ने किया।



## पांच दिवसीय ग्रामीण युवा प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ



**दैनिक खोज खबर/मांझी।** कृषि विज्ञान केंद्र मांझी में माली को लेकर पांच दिवसीय ग्रामीण युवा प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। जिसका मुख्य उद्देश्य ग्रामीण युवाओं को बागवानी और माली कौशल में प्रशिक्षित करना है। कार्यक्रम के उदघाटन सत्र में डॉ जितेंद्र चंद्र चंदोला ने बताया कि इस प्रशिक्षण में युवाओं की पौधों की देखभाल, उर्वरकों और कीटनाशकों के उपयोग, और बागवानी के नवीनतम तकनीकों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। डॉ सौरभ पटेल तथा डॉ रातुल मोनी राम ने केव़ीक़े की भूमिका एवं यहां उपलब्ध विभिन्न प्रकार के पौधों के बारे में जानकारी दी। डॉ विजय और डॉ चैतन्य ने भी किसानों को अपने अनुभवों से अवगत कराया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में किसानों को न केवल बागवानी के तकनीकी पहलुओं समेत उत्पादन बढ़ाने और अपनी आय को दोगुना करने जानकारी दी जाएगी। इस प्रशिक्षण में सारण जिले के कुल आठ प्रखंडोंः मांझी, रिविलगंज, एकमा, सदर, गरखा, तरैया, दिघवारा एवं दरियापुर से कुल 43 ग्रामीण युवक एवं 7 ग्रामीण युवतियां भाग ले रहे हैं। जिन्हें अंत में प्रमाण पत्र भी प्रदान किया जाएगा।

## गांव के बीच में खोला पोल्ट्री फार्म, दुर्गंध से लोग परेशान

**दैनिक खोज खबर/ मशरक (सारण)।** मशरक के बंगरा पंचायत के चैनपुर गांव में बीचों बीच पोल्ट्री फार्म से निकल रहीं बदबू व रखरखाव में बरती लापरवाही के कारण गांवों के ग्रामीणों को सांस लेना दूभर हो रहा है। 24 घंटे दुर्गंध के बीच रहने से लोगों का खाना पीना हराम हो गया है।इसको लेकर बंगरा पंचायत की मुखिया ललीता देवी ने सीओ मशरक को ज्ञापन देकर समस्या से निजात दिलाने की मांग की हैं। बताया गया कि चैनपुर स्टेट बैंक के पास उदय शंकर प्रसाद की मुर्गी फार्म हैं जिससे निकल रहीं दुर्गंध से गांव वालें समेत आने जाने वाले राहगीर परेशान हैं। इस गंदगी से बीमारी फैलने की संभावना बनी रहती है। मुखिया प्रतिनिधि पप्पू सिंह ने बताया कि पोल्ट्री फार्म की बदबू से सांस लेना दूभर हो रहा है। यही नहीं पोल्ट्री फार्म प्रबंधन द्वारा रखरखाव में अनियमितता बरतने के कारण भारी संख्या में मक्खी मच्छर पैदा हो रहे है। जिसके कारण संक्रमण फैलने का खतरा बना रहता है। ग्रामीणों ने मुर्गी फार्म के स्वामी पर मानकों की अनदेखी करने का आरोप लगाते हुए समस्या के निदान की मांग की है।

# नारायणपुर पंचायत में भूमि सर्वेक्षण में जागरूकता और सहयोग के लिए ग्रामसभा आयोजित

**दैनिक खोज खबर/तरैया (सारण)।** प्रखंड के नारायणपुर पंचायत के रामपुर केशव गांव में मंगलवार को भूमि सर्वेक्षण कार्य में जागरूकता एवं सहयोग के उद्देश्य से मुखिया अमित कुमार सिंह की अध्यक्षता में ग्राम सभा का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से सहायक बंदोबस्ती पदाधिकारी आशुतोष कुमार एवं कानूनगों राजीव रंजन ने संयुक्त रूप से भूमि सर्वेक्षण कार्य से सम्बंधित जानकारियां लोगों के बीच साझा की तथा आम लोगों को भूमि सर्वेक्षण के तहत सर्वे में लगने वाले आवश्यक कागजात जैसे जमीन के डीड (दस्तावेज), खतियान, जमीन का लगान रसीद, पर्ची, पट्टा, वंशावली, मृतक रैयत के वंशज को उनका मृत्यु प्रमाण पत्र के साथ शपथ पत्र, आधार कार्ड व अन्य आवश्यक दस्तावेज आदि की छायाप्रति कॉपी प्रपत्र-2 में भर कर ग्रामीणों व रैयतों को देने के लिए विस्तार से बताया गया। इस प्रकिया के पूर्ण होने के बाद जमीन सर्वे के समय अमीन धरातल पर जा कर जमीन की स्थल व मेड की जांच करेंगे। इस दौरान सहायक बन्दोबस्ती पदाधिकारी आशुतोष कुमार ने लोगों से अपील किया कि सभी रैयत अपने कर्तव्य और जिम्मेदारी को ध्यान में रखते हुए सर्वे कार्य को पूरा कराने में सहयोग करें। मौके पर मुखिया अमित कुमार सिंह, शिविर प्रभारी आशुतोष कुमार, कानूनगों राजीव रंजन, अमीन सुमित कुमार, सोनू कुमार, पूर्व बीडीसी नागेंद्र प्रसाद, अरुण सिंह, राजदेव सिंह, टुनमुन सिंह, मनोज सिंह, वार्ड सदस्य गुड्डू अंसारी, सकील अहमद, बिगन राय, सत्येंद्र राय, समेत सभी वार्ड सदस्य व सैकड़ों ग्रामीण ग्रामसभा में उपस्थित थे।



## मशरक में बाइक क्षतिग्रस्त कर डिक्की से 50 हजार रुपए निकाले

### जान बचाकर भागा बाइक सवार

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक थाना क्षेत्र के पकड़ी गांव मे एक व्यक्ति को उसके घर के पास रोक मारपीट करने वालो ने बाइक को क्षतिग्रस्त कर बाइक की डिक्की से 50 हजार रुपए निकाल लिए । इस मामले मे बाइक सवार पकड़ी गांव निवासी हरिशंकर पंडित द्वारा मशरक थाना मे लिखित शिकायत कर न्याय की गुहार लगाई गई है।जिसमे शम्भु ठाकुर और उनके पुत्र रजनीश ठाकुर उर्फ बिट्टु ठाकुर सहित दो अज्ञात लोगो को अभियुक्त बनाया गया है।पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।दिए गए आवेदन मे कहा गया है की सोमवार को सुबह कलेक्शन कर घर आकर अपनी बाइक दलान मे लगा रहा था उसी वक्त शम्भु ठाकुर और उनके पुत्र के अलावे दो अज्ञात व्यक्ति मुंह को ढककर आए और मुझे पकड़ने की कोशिश की।किसी तरह मै वहा से भागकर शोर मचाया।तबतक मेंरे बाइक की डिक्की तोड़कर 50 हजार रुपए निकाल लिए गए। और बाइक को तोड़कर क्षतिग्रस्त कर दिया गया।स्थानीय संजय कुमार को घटना का चश्मदीद गवाह बनाया गया है।

## भाजपा द्वारा डुमरी में आयोजित किया गया कार्यशाला




**दैनिक खोज खबर/मांझी।** भारतीय जनता पार्टी मांझी मध्य मंडल की एक कार्यशाला का आयोजन महावीर मंदिर डुमरी स्थित शिवाजी सिंह के आवासीय परिसर में किया गया। जिसकी अध्यक्षता भाजपा नेता शिवाजी सिंह ने की व संचालन महामंत्री निशांत राज सिंह ने किया। कार्यशाला में आगामी विधानसभा को लेकर कार्यकर्ताओं को तैयार रहने, भाजपा के सदस्यता अभियान को तेज करने व संगठन को और मजबूत करने पर बल दिया गया। मौके पर जिला उपाध्यक्ष सह विधानसभा प्रभारी रमाशंकर मिश्र शांडिल्य, हेम नारायण सिंह, विधानसभा संयोजक मकेश्वर सिंह, प्रो. रघुनाथ ओझा, मंडल उपाध्यक्ष अमरनाथ तिवारी, मंडल मंत्री दिनेश्वर मिश्र, किसान मोर्चा अध्यक्ष निर्मल पांडेय, सारण जिला अनुसूचित जनजाति मोर्चा अध्यक्ष प्यारे अंगद, अति पिछड़ा अध्यक्ष नीलू शर्मा, अशोक भारती, उमेश गिरी, धर्मेंद्र प्रसाद, रघुनाथ तिवारी, अनिल सिंह, अंकित सिंह राणा, धनेश साह, मितल सिंह, श्रीराम यादव आदि मौजूद थे।

## नियमों की धज्जियां उड़ा धड़ल्ले से चल रहे हैं कोचिंग सेंटर, प्रशासन लापरवाह

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक नगर पंचायत और प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांवों में बिना पंजीयन के ही नियमों की अनदेखी कर धड़ल्ले से कोचिंग सेंटर चलाया जा रहा है। कुछ कोचिंग सेंटर तों विधालय समय में ही संचालित होते हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि नगर पंचायत और प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांवों में कोचिंग इंडस्ट्री की बाढ़ आ गई है। वहीं दिल्ली में हुए हादसे के बाद कोचिंग सेंटर में सुरक्षा व्यवस्था सवालों के घेरे में आ गई है। छात्रों को कम फीस का लालच देकर एडमिशन के बाद ज्यादा फीस वसूलना, सुरक्षा मानकों का ध्यान नहीं रखना, रजिस्ट्रेशन बिना खुलेआम कोचिंग सेंटर चलाना छात्रों के जान से खिलवाड़ हैं। आपकों बता दें कि कोचिंग सेंटर के संचालन के लिए सरकार के तरफ से बहुत सारे नियम बनाएं गये हैं, लेकिन इन नियमों का पालन करने वाला कोई नहीं है। कोचिंग सेंटर चलाने के लिए सबसे पहले उचित मकान का प्रबंध होना चाहिए, जिसमें सुरक्षा मानक अनुरूप खुले कमरें हो। बालिकाओं के लिए अलग शौचालय, आग लगनें पर फायर सुरक्षा यंत्र की व्यवस्था और साथ ही आने जाने के लिए चौड़ा रास्ता के साथ पार्किंग स्थल होना चाहिए। स्थानीय रंजन कुमार सिंह ने बताया कि कोचिंग सेंटर नियमों का पालन नहीं कर रहें हैं इस वजह से बड़ी दुर्घटना हो सकती है।

# गजेंद्रमोक्ष देवस्थान सोनपुर मे धूमधाम के साथ मनाई गई कृष्णा जन्मोत्सव

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** विश्व विख्यात हरिहर क्षेत्र सोनपुर के श्रीगजेन्द्रमोक्ष देवस्थान नौलखा मन्दिर में मंगलवार को पड़ने वाले जन्माष्टमी काफी खास है, क्योंकि ऐसा योग द्वापर युग में बना था।रोहिणी नक्षत्र, जयंत योग के साथ-साथ चंद्रमा वृषभ और सिंह राशि में सूर्य विराजमान हैं। उक्त बात के जनकारी देते हुए नौलखा मंदिर के पीठाधीश्वर जगद्गुरु रामानुजाचार्य स्वामी लक्ष्मणाचार्य महाराज जी ने श्रीकृष्ण जन्म की रोचक प्रसंग भी सुनाए। उन्होनें कहा द्वापर युग में भोजवंशी राजा उग्रसेन का मथुरा में शासन था। वह बड़े ही दयालु थे और प्रजा भी उनका काफी सम्मान करती थी। लेकिन उनका पुत्र कंस दुर्व्यसनी था और हमेशा अपनी प्रजा को किसी न किसी प्रकार से कष्ट देता था। जब उसके पिता को ये बात पता चली तो उनके पिता उग्रसेन ने उसे खूब समझाया। लेकिन कंस ने अपने पिता की बात मानने की बजाय उल्टा उन्हें ही गद्दी से उतार दिया और खुद ही मथुरा का राजा बन बैठा। कंस की एक बहन थी। जिसे वह अपनी जान से ज्यादा प्यार करता है। उनकी एक बात कहने से वह हर एक चीज को पूरा कर देता है। ऐसे ही कंस ने अपनी बहन देवकी का विवाह वासुदेव नामक यदुवंशी सरदार के साथ धूमधाम से कर दिया।



वह अपनी बहन को उसके ससुराल स्वयं रथ खींच कर पहुंचाने वाला था। जब अपनी बहन देवकी को उसकी ससुराल पहुंचाने जा रहा था कि तभी अचानक रास्ते में आकाशवाणी हुई- 'हे कंस, जिस देवकी को तू बड़े प्रेम से ले जा रहा है, इसी के गर्भ से उत्पन्न आठवां बालक तेरा वध करेगा।' यह सुनकर कंस घबरा गया और अपनी बहन के पति वासुदेव को मारने के लिए टूट पड़ा।तब देवकी ने कंस से विनयपूर्वक कहा- 'मेरे गर्भ से जो संतान होगी, उसे मैं तुम्हारे सामने ला दूंगी। इन्हें मारने से क्या लाभ है?' कंस ने देवकी की बात मान ली। लेकिन वासुदेव और देवकी को उसने कारागार में डाल दिया।वासुदेव-देवकी की एक-एक करके सात संतानें हुईं और सातों को जन्म लेते ही कंस ने मार डाला। अब बारी थी आठवें बच्चे के होने की। कंस ने इस दौरान कारागार में वासुदेव-देवकी पर और भी कड़े पहरे बैठा दिए। वहीं दूसरी ओर देवकी के साथ नंद गांव में नंद की पत्नी यशोदा को भी बच्चा जनने से थीं।योगेश्वर वासुदेव श्रीकृष्ण वासुदेव-देवकी के दुखी जीवन को देख आठवें बच्चे की रक्षा का उपाय रचा। जिस समय वासुदेव-देवकी को पुत्र पैदा हुआ, उसी समय संयोग से यशोदा के गर्भ से एक कन्या का जन्म हुआ, जो और कुछ नहीं सिर्फ 'माया' थी।जिस कोठरी में देवकी-वासुदेव कैद थे, उसमें अचानक चतुर्भुज भगवान प्रकट हुए। दोनों भगवान के चरणों में गिर पड़े। भगवान ने देवकी-वासुदेव से कहा 'अब मैं पुनः नवजात शिशु का रूप धारण कर लेता हूं। तुम मुझे इसी समय अपने मित्र नंद जी के घर वृंदावन में ले जाओ और उनके यहां जिस कन्या का जन्म हुआ है, उसे लाकर कंस को दे दो। भगवान ने कहा इस समय वातावरण अनुकूल नहीं है। लेकिन फिर भी तुम चिंता न करो। जागते हुए पहरेदार सो जाएंगे, कारागृह के दरवाजे अपने आप खुल जाएंगे और उफनती अथाह यमुना तुमको पार जाने का मार्ग खुद दे देगी।'भगवान के आदेश अनुसार वासुदेव नवजात शिशु-रूप श्रीकृष्ण को टोकरी में रखकर कारागृह से निकल पड़े और यमुना को पार कर नंदजी के घर पहुंचे जहां उन्होंने नवजात शिशु को यशोदा के साथ सुला दिया और उनकी कन्या को लेकर मथुरा आ गए। वासुदेव के आते ही कारागृह के फाटक पूर्ववत बंद हो गए।कंस तक वसुदेव-देवकी के बच्चा पैदा होने की सूचना पहुंच गई। कंस ने बंदीगृह में जाकर देवकी के हाथ से नवजात कन्या को छीना और जैसे ही उसने उस बच्ची को पृथ्वी पर पटक देना चाहा, वैसे ही कन्या आकाश में उड़ गई और उसने कहा- 'अरे मूर्ख, मुझे मारने से क्या होगा? तुझे मारनेवाला तो वृंदावन पहुंच चुका है और वह जल्द ही तुझे तेरे पापों का दंड देगा।'इस प्रकार देवस्थान में बारह बजे रात्रि तक भजन कीर्तन और झाँकी उत्साह पूर्वक चलता रहा।झूले पर भगवान श्री लड्डू गोपाल, श्रीकृष्ण राधारानी,श्री वेङ्कटेश, श्री श्रीदेवी,श्री भूदेवी का दिव्य दर्शन होता रहा।रात्रि ठीक बारह बजे ''नन्द को आनन्द भयो जय कन्हैयालाल की'' आनन्द से गाते हुए सिर पर श्री लड्डू गोपाल लिए भगवान के गर्भ गृह से स्वामी लक्ष्मणाचार्य महाराज निकले,कहली और वाद्य यंत्र बजने लगा। श्रद्धावान श्रद्धापूर्वक नाच-नाच कर गाते हुए जन्मोत्सव मनाया।उत्सव के बाद भगवान का महाप्रसाद खिलाया गया।उपर्युक्त अवसर पर मन्दिर प्रबंधक नन्दकुमार रॉय, समाजसेवी लाल बाबू पटेल सहित सैकड़ों भक्तगण सम्मिलित हुए।

# सड़े हुए चावल का उठाव कराने से नाराज मांझी के जन वितरण दुकानदारों ने गोदाम परिसर में किया हंगामा



**दैनिक खोज खबर/मांझी (सारण)।** एजीएम द्वारा सड़े हुए चावल का उठाव कराने से नाराज माँझी के जन वितरण दुकानदारों ने मंगलवार को गोदाम परिसर में जमकर हंगामा किया तथा चावल का उठाव करने से इनकार कर दिया। बाद में दुकानदारों के बुलावे पर स्थानीय विधायक डॉ सत्येन्द्र यादव ने गोदाम का गहनता पूर्वक निरीक्षण किया तथा फोन करके इसकी शिकायत सारण के डीएम सहित अन्य वरीय पदाधिकारियों से की। राशनकार्ड धारकों के लिए लाए गए सड़े चावल को देखकर विधायक ने एजीएम को कड़ी फटकार लगाई तथा डीएम को माँझी बुलाने की जिद पर अड़ गए। लगभग तीन घण्टे तक गोदाम परिसर में बैठकर विधायक जिले के पदाधिकारियों की प्रतीक्षा करते रहे। बाद में विधायक के बुलावे पर माँझी पहुँचे जिला गोदाम प्रबंधक दीपक कुमार,सुजीत कुमार एक्सक्यूटिव,तथा परसा के एमओ रंजीत कुमार राम को विधायक ने फटकार की झड़ी लगा दी। विधायक के आरोपों से परेशान पदाधिकारियों ने माँझी के गोदाम में 31 अगस्त तक सड़े चावल को हटाकर उसके स्थान पर फ्रेश चावल उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। तब जाकर दुकानदारों ने राहत की सांस ली। विधायक ने गोदाम में लगे मजदूरों को प्रति क्विंटल चार रुपये बतौर मजदूरी दिए जाने पर कड़ी आपत्ति जताई तथा पिछले तीन महीने का बकाया सहित मानक के मुताबिक मजदूरों की मजदूरी उपलब्ध कराने में पदाधिकारियों से सहयोग की अपील की। विधायक ने बताया कि सरकार तथा जिला प्रशासन की आम जनता की समस्याओं के प्रति उदासीनता के खिलाफ अगले पांच सितंबर को हजारों माकपा कार्यकर्ताओं द्वारा सारण समाहरणालय का घेराव किया जाएगा।

# पूर्व मंत्री व समाजवादी नेता देवेन्द्र प्रसाद यादव का जन सुराज में शामिल होने पर दी गई बधाई



**दैनिक खोज खबर/पटना/छपरा।** भारत सरकार के पूर्व मंत्री और बिहार के सुप्रसिद्ध समाजवादी नेता देवेन्द्र प्रसाद यादव ने राजद की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा देकर मंगलवार को ज्ञान भवन,पटना में आयोजित एक मिलन समारोह में जन सुराज के संस्थापक और पदयात्रा अभियान के सूत्रधार प्रशांत किशोर के नेतृत्व में जन सुराज की सदस्यता ग्रहण किया वही जन सुराज अभियान से जुड़ने की घोषणा की। उनके जन सुराज से जुड़ने पर जन सुराज सारण ने खुशी जाहिर करते हुए बधाई दिया है। देवेन्द्र प्रसाद यादव सच्चे एवं इमानदार नेता हैं इनके शामिल होने पर कार्यकर्ताओ में खुशी का माहौल है। बधाई देने वालो में मुख्य रूप से जिलाध्यक्ष बच्चा राय, संगठन महासचिव श्रवण महतो, अभियान समिति के संयोजक प्रियरंजन सिंह युवराज, कार्यालय प्रभारी नवनीत यादव ,जिला युवाध्यक्ष कुमार शिवम, अशोक सिंह, मुन्ना भवानी,राम पुकार मेहता ,उदयशंकर सिंह आदि लोग शामिल है।उक्त आशय की जानकारी सारण जिला मुख्य प्रवक्ता कुलदीप महासेठ ने दिया।

## परसा में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव के दूसरे दिन मटकाफोड़ कार्यक्रम का हुआ आयोजन




**दैनिक खोज खबर/परसा(सारण)।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव के अवसर पर दूसरे दिन उच्चतर विद्यालय परसा मे श्रीकृष्ण पूजा समिति द्वारा मटका फोड़ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में परसा ,परसौना, व वीर कुंवारी गांव के खिलाडियों ने मटकाफोड़ कार्यक्रम में भाग लिया। जिसमे वीर कुंवारी टीम के गोविंदाओं ने मटकी को फोड़ जीत हासिल किया। इस दौरान वातावरण श्रीकृष्ण के जयकारों और गीतों से गूंज रहा था। लगभग 40 फुट की ऊंचाई पर मटकी लगाई गई थी जिसे वीरकुआँरी से आए गोविंदाओं के दल ने फोड़ दिया। इससे पूर्व कार्यक्रम में पूजा समिति के अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार राय द्वारा सिक्का उछाल कर टॉस में वीर कुंवारी के टीम ने टॉस जीता । वही कुशल कलाकारों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी।जिसे देखने के लिए दर्जनों गांव के हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ देखी गई।

# बीजेपी की सदस्यता अभियान को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित



**दैनिक खोज खबर/मांझी।** मांझी प्रखंड के दो अलग अलग जगहों पर बीजेपी की सदस्यता अभियान को लेकर मंगलवार को एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसके तहत सेंट जेवियर्स सेंट्रल एकेडमी स्कूल कोहड़ा एव डुमरी महावीर मंदिर परिसर में किया गया। कार्यकम की अध्यक्षता बीजेपी के मंडल अध्यक्ष त्रिलोकी नाथ सिंह की ने की। कार्यशाला का नेतृत्व मुख्य अतिथि महाराजगंज के सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल ने किया। कार्यशाला का शुरुआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय व श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। कार्यशाला को संबोधित करते हुए सांसद सिग्रीवाल ने कहा कि सदस्यता अभियान की शुरुआत आगामी 2 सितंबर से प्रारंभ होकर 25 सितंबर तक चलेगी। जिसमें पार्टी द्वारा एक लक्ष्य निर्धारित किया गया है जिसे पूरा करने के लिए सभी लोगों का सहयोग जरूरी है। उन्होंने कहा कि सदस्यता अभियान के लक्ष्य को पूरा करने के लिए सभी लोग जुट जाएं। प्रत्येक बूथ तक कार्यकर्ता पहुंचे और अधिक से अधिक लोगों को पार्टी के विचारधारा से जोड़ने का प्रयास करे। उन्होंने कहा कि पार्टी से जुड़े कार्यकर्ताओं को एक लक्ष्य दिया गया है। इसके लिए सभी लोग बढ़-चढ़कर हिस्सा ले और निर्धारती लक्ष्य से अधिक सदस्य बनाने का काम करें।उन्होंने कहा कि पार्टी की मजबूती के लिए जागरूक, सुयोग्य, निष्ठावान, लगनशील कार्यकर्ताओं के सहयोग से ही पार्टी मजबूत होती है। कार्यक्रम का संचालन जय किशोर सिंह ने किया। इस मौके पर भाजपा नेता हरिमोहन सिंह गुड्डू, हेमनरायण सिंह, डॉ॰रंजय कुमार, उमेश तिवारी, मकेश्वर सिंह, गुड्डू सिंह, जय किशोर सिंह, शंभूनाथ सिंह कुशवाहा, टिंकू पाण्डेय, दिलीप प्रसाद, रामप्रसाद सिंह, पप्पू राम, अनिल राम सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

# इसुआपुर में झंडा मेला के मद्देनजर शांति समिति की हुई बैठक




**दैनिक खोज खबर/ इसुआपुर (सारण)।** प्रखंड में आगामी 3 सितंबर को मनाए जाने वाले जिले का प्रसिद्ध महावीरी अखाड़ा सह झंडा मेला के मद्देनजर प्रखंड विकास कार्यालय इसुआपुर पर मंगलवार को शांति समिति की बैठक हुई। राजस्व पदाधिकारी पूजा रॉय की अध्यक्षता तथा प्रखंड कार्यालय के प्रधान लिपिक केसरी सिंह के संचालन में पूजा को शांति व सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने के लिए कई अहम बिंदुओं पर विचार विमर्श किया गया। बैठक में उपस्थित 14 अखाड़ों के लाइसेंसधारियों, पंचायत प्रतिनिधियों तथा गणमान्य लोगों ने जहां अपने-अपने सुझाव दिए।

वहीं एसडीपीओ मसरख अमरनाथ, थानाध्यक्ष कमल राम, राजस्व पदाधिकारी पूजा रॉय ने भी कई दिशा निर्देश दिए। सांस्कृतिक मंचों पर सीसी कैमरा टीवी लगाने तथा ड्रोन के माध्यम से भी मेले की निगरानी करने की बात कही गई। एसडीपीओ मसरख ने कहा कि दारू की बिक्री तथा असामाजिक तत्वों से किसी भी हद तक निपटने के लिए प्रशासन की पैनी नजर रहेगी। मेले में चिन्हित तीन स्थानों पर शीतल पेयजल की टंकी, चलंत शौचालयों, फायर ब्रिगेड की गड़ियां, चिकित्सा शिविर की प्रशासनिक व्यवस्था रहेगी। इस मौके पर जिला पार्षद छविनाथ सिंह, अनवर हुसैन, मुखिया अजय राय, विजय राय, राजकिशोर सिंह, अजय साह, नागेंद्र सिंह, नंदकिशोर चतुर्वेदी, मदन सिंह, बद्रीनारायण सिंह, कन्हैया सिंह, अमरनाथ प्रसाद, हरेराम तिवारी, संजय ओझा, जवाहर सिंह, जय किशोर राय व अन्य ने विचार रखें।

**वाहनों के लिए बनाया गया रूट चार्ट :** यातायात सुविधा को लेकर वाहनों के लिए रूट चार्ट भी बनाया गया। जिसमें बताया गया कि छपरा की ओर से आने वाले भारी वाहन खैरा कृष्णा चौक से रूट डायवर्ट करेंगे। वहीं मलमलिया तथा सतर घाट से आने वाले भारी वाहन मसरख से रूट डायवर्ट करेंगे।

## मिर्जापुर मे धूमधाम के साथ मनाई गई कृष्ण जन्माष्टमी

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के मौके पर सोमवार की शाम सोनपुर प्रखंड के भरपुरा पंचायत अंतर्गत मिर्जापुर गांव निवासी स्वग़ोकुला नंद श्रीवास्तव के आवासीय परिसर स्थित ठाकुरबाड़ी में श्री कृष्ण जन्मोत्सव खूब धूम धाम से मनाया गया। इस मौके पर संध्याकालीन कई नामचीन कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति से श्रोताओं का दिल जीत लिया। श्रोताओं की भीड़ भी देर रात अंत तक जमी रही। भजन संध्या की शुरुआत उच्च विद्यालय,अमनौर के संगीत शिक्षक सुरजीत सिंह ने भजन से की। इसके बाद हाजीपुर से आए शिक्षक एवम बांसुरी वादक वेद प्रताप मिश्रा ने अपने बांसुरी वादन से श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया।इनकी प्रस्तुति के बाद देर तक श्रोताओं की तालियां गूंजती रही। इनके बाद बिहार के चर्चित शास्त्रीय एवम सुगम संगीत के कलाकार रौशन कुमार ने एक से बढ़कर एक भजन,ठुमरी,गजल आदि सुनाकर श्रोताओं की खूब वाहवाही लूटी। वही नवोदित कलाकार विश्वजीत कुमार ने राग भीमपलासी में एक ताल की प्रस्तुति की। इसके साथ ही भोजपुरी लोकगीत के सुप्रसिद्ध गायक सर्वजीत कुमार ने अपने अंदाज में पूर्वी,सोहर सहित कई पारंपरिक लोकगीतों की प्रस्तुति कर श्रोताओं को आनंदित किया। वही नन्हा तबला वादक स्वयं प्रकाश ने भी एकल तबला वादन कर खूब वाहवाही लूटी। इन सभी कलाकारों के साथ तबला पर नवोदित तबला वादक विष्णु भारद्वाज,ढोलक पर विक्की पटेल एवम राजन शक्ति,की बोर्ड पर सुजीत कुमार तथा आक्टो पैड पर पिंटू कुमार बेहतरीन तरीके से संगत कर कार्यक्रम को काफी ऊंचाई प्रदान की। कार्यक्रम का संयोजन एवम संचालन जे डी प्रोजेक्ट महिला इंटर स्तरीय विद्यालय,परसौना,परसा के संगीत शिक्षक गोविंद वल्लभ ने किया। जबकि सभी कलाकारों का स्वागत एवम सम्मान कार्यक्रम के आयोजक लाला आशुतोष वल्लभ ने किया।श्रोताओं ने कार्यक्रम की भूरी भूरी प्रशंसा की।

# भूमि सर्वेक्षण को लेकर भरपूरा व दुधैला पंचायत भवन परिसर मे हुआ ग्रामसभा

## किसी तथ्य को छुपाकर गलत प्रपत्र भरने, गलत वंशावली देने वाले स्वयं भू स्वामी होंगे जिम्मेवार



**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** सोनपुर प्रखंड के अंतर्गत भरपुरा व दूधैला पंचायत भवन पर नए भूमि सर्वेक्षण को लेकर ग्राम सभा का आयोजन मंगलवार को किया गया। ग्राम सभा में पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि,वार्ड सदस्य, सरपंच प्रतिनिधि,समिति सदस्य और उस पंचायत के ग्रामीण मौजूद रहे। पंचायत मे ग्राम सभा कर विशेष सर्वेक्षण सहायक बदोबस्त पदाधिकारी दीपू कुमार गुप्ता,कानूनगो संदीप कुमार मिश्रा,अमीन सोनू कुमार,साजन कुमार, गजेंद्र कुमार,प्रिंस कुमार, रिशु राकेश, राहुल कुमार,आयुष कुमार , देवराज कुमार ,पप्पू कुमार, ब्रिकल कुमार सहित अन्य अमीन ग्राम सभा मे मौजूद रहकर भूस्वामियों को नये भूमि सर्वेक्षण से संबंधित जनकारी देते हुए रैयत भूमि सर्वे किस तरह से होगा उसमें रैयत को कौन-कौन सी कागजात देनी होगी जिस पर सर्वे टीम ने बहुत ही विस्तृत रूप से परिचर्चा की साथ ही रैयत भी अपनी- अपनी बात रखी. जिसमें मुख्य रूप से सहायक बंदोबस्ती पदाधिकारी व कानूनगो ने उपस्थित लोगो को बताया कि विशेष जमीन सर्वे के तहत सर्वे में लगने वाले कागजात जैसे दस्तावेज, खतीयान, वंशावली, जमीन का रसीद , पर्ची,पट्टा,दान, बदलैन कागजात, बटवारा के कागजात को प्रपत्र मे खाता, खेसरा, रकवा, चौहदी समेत अन्य कागजात के साथ आधार कार्ड, मोबाईल नंबर आदि का फोटो कॉपी फॉर्म प्रपत्र 1,2,3 भर कर भू रैयतों को स्वयं भरकर ऑनलाइन आवेदन करना होगा या अपने मौजे के अमीन को सभी जरूरत कागजात के साथ प्रपत्र भरकर अमीन को देने होंगे । उसके बाद जमीन सर्वे के समय अमीन धरातल पर पहुंचकर कर भौतिक सत्यापन भी करेंगे और आपके जमीन मे मापी करते हुए रोड मैप तैयार करेंगे। उस वक्त भू स्वामी को रहना और अपने भूमि से संबंधित जनकारी देना अनिवार्य हैं. अगर किसी भी भूमि पर विवाद न्यायलय मे चल रहा हैं तो उस भूमि से संबंधित दास्तांवेज व न्यायलय के केस नंबर, न्यायलय मे दिए गए आवेदन या भूमि विवाद के डिग्री मिल गयी हैं सभी कागजात सलंग्न करना होगा। भूस्वामी अगर गलत वंशवली बनाकर या गलत व्योरा भरकर जमा करेंगे अगर जांच पड़ताल के दौरान किसी तरह के कमी पाए जाएंगे तो स्वयं भूस्वामी या आवेदक जिम्मेवार होंगे। सहायक बन्दोबस्ती पदाधिकारी दीपू कुमार ने लोगों से अपील किया कि सभी रैयत अपने कर्तव्य और जिम्मेदारी को ध्यान में रखते हुए सर्वे कार्य मे सहयोग करें।

ग्राम सभा मे ग्रामीणों ने कहा कि जिसकी पुश्तैनी जमीन परदादा के नाम पर जमाबंदी चली आ रही है परदादा या पिता की मृत्यु 25- 50 वर्ष पूर्व हो गई उस वक्त का मृत्यु प्रमाण पत्र और समय तिथि कैसे फॉर्म में अंकित किया जायेगा. ग्रामीणों ने कहा कि रैयत अपनी जमीन अपनी जोत में रखे हुए है लेकिन उसके पास कोई कागजात नहीं है यहां तक कि प्लॉट नंबर तक पता नहीं है वैसी स्थिति का क्या निदान होगा, कोई जबरन जमीन दखल कर लिया हैं जैसे अनेक समस्याओं को ग्रामीणों ने सर्वेक्षण अधिकारी व कानूनगो अधिकारी के पास अपनी -अपनी समस्याओं को रखा. सभी समस्याओं को सुनकर सर्वेक्षण अधिकारी व कानूनगो ने बारी --बारी से विस्तार पूर्वक जनकारी देते हुए उन्हें अश्वस्त किया ।

## युवक को ट्रक ने कुचला ,मौत

**मकेर (सारण)।** मंगलवार की सुबह मकेर चांदनी चौक पर एक ट्रक के चपेट में आने से युवक की घटना स्थल पर ही मौत हो गई ।ट्रक चालक गाड़ी लेकर फरार हो गया ।घटना के संबंध में बताया जाता है कि मृत युवक पंकज कुमार मकेर सोनार टोली निवासी था जो सुबह टहल कर घर आ रहा था कि अहले सुबह एक तेज रफ्तार से आ रही ट्रक के चपेट में आने से मौत हो गई ।घटना की सूचना मिलते ही मकेर पुलिस उक्त युवक की शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु छपरा भेज दिया ।घटना की जैसे ही जानकारी प्राप्त हुई परिजनों ने रोदन क्रन्दन करने लगे फिलहाल गांव में इस असामयिक मृत्यु से लोगो ने अफशोस जाहिर किया है।

## मारपीट की घटनाओं में पांच लोग घायल

**एकमा (सारण)।** एकमा पुलिस अंचल क्षेत्र के विभिन्न गांवों में आपसी विवाद को लेकर हुई मारपीट की अलग-अलग घटनाओं में पांच लोग घायल हो गए।घायलों में लाकठ छपरा गांव के धीरज सिंह, एकसार गांव के अजित कुमार यादव, नवलपुर गांव के अमित कुमार यादव समेत पांच लोग शामिल हैं। सभी घायलों का प्राथमिक उपचार एकमा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में किया गया। बताया जाता है कि इस संबंध में घायलों के द्वारा थाने में नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

## नशे में हंगामा कर रहा शराबी गिरफ्तार

**एकमा (सारण)।** एकमा प्रखंड क्षेत्र के बलिया कोठी गांव में शराब पीकर बेवजह हंगामा और गांव के लोगों के साथ बदसलूकी कर रहे इसी गांव के निवासी रूपेश भारती को रसूलपुर थाना के प्रशिक्षु पुलिस अवर निरीक्षक सुमन कुमार ने गिरफ्तार कर लिया। बताया जाता है कि पुलिस ने गिरफ्तार पियक्कड़ का चिकित्सीय परीक्षण कराने के बाद उसे जेल भेज दिया।

## 36 लीटर शराब के साथ चार धंधेबाज गिरफ्तार

**एकमा (सारण)।** पुलिस निरीक्षक सह एकमा थानाध्यक्ष उदय कुमार के निर्देश पर एकमा थाने की पुलिस ने थाना क्षेत्र में छापेमारी कर 30 लीटर विदेश और छह लीटर देशी शराब बरामद किया है। पुलिस ने इस दौरान मौके से एकमा बाजार के केशव कुमार, गंजपर गांव के विक्की कुमार, बिट्टू कुमार व हाजीपुर (वैशाली) के कुतुबपुर गांव के निवासी धर्मेन्द्र राय को गिरफ्तार किया है। बताया जाता है कि पुलिस आवश्यक पूछताछ करने के बाद गिरफ्तार चारों आरोपितों को जेल भेजने की कार्रवाई की है।

## पारंपरिक हर्षोल्लास के साथ मनी श्रीकृष्ण जन्माष्टमी

**एकमा (सारण)।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व नगर पंचायत एकमा बाजार समेत एकमा प्रखंड क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में पारंपरिक हर्षोल्लास के साथ धूमधाम से मनाया गया। क्षेत्र के परसागढ़ स्थित प्रसादी नाथ मठ, सिंगही मठिया, राम-जानकी मंदिर नचाप, हंसराजपुर, राजापुर , गंजपर, आमडाढ़ी, नरहनी, नवतन, रसूलपुर, एकमा व रसूलपुर थाना आदि के अलावा श्रद्धालुओं ने घरों में भी श्रीकृष्ण जन्माष्टमी को श्रद्धापूर्वक मनाया। श्रीकृष्ण की मूर्ति को विधिवत घी, चंदन, रोली, गंगाजल, दूध आदि से स्नान कराने के बाद नया परिधान पहना कर श्रृंगार किया। इसके बाद फल फूल, मेवा, पंचामृत, पंजीरी आदि का भोग अर्पित कराया। शाम से ही भजन-कीर्तन गाते हुए रात्रि में 1200 बजे जन्मोत्सव पर आरती कर सोहर गायन किया गया। वहीं राजापुर में यदुवंशी समाज के नवयुवकों ने मटका फोड़ कर श्रीकृष्ण जन्माष्टमी को मनाया एवं प्रसाद का वितरण किया गया। वहीं एकमा हाईस्कूल के समीप एक श्रद्धालु के घर में आयोजित जन्मोत्सव में श्रीकृष्ण की आरती करते हुए राधा बनी अवंतिका ने अपने नृत्य की प्रस्तुति से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। श्रद्धालुओं ने मंदिरों व घरों में अपने बच्चे व बच्चियों को श्रीकृष्ण व राधा के रुप में श्रृंगार कर व परिधान पहनाकर आकर्षक ढंग से झांकी को पेश किया। इसी तरह से दो दिवसीय दिन-रात बच्चों ने श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव धूमधाम से मनाया।

## श्री कृष्ण जन्माष्टमी से नौ दिवसीय अखण्ड अष्ट्याम प्रारम्भ

**गरखा/(सारण)।** भेल्दी सराय बक्स स्थित महर्षि श्रीधर बाबा नयन ज्योति अस्पताल परिसर राधे कृष्णा मन्दिर में मंगलवार को श्रीकृष्ण जन्मोत्सव धूमधाम से हर्षोल्लास से मनाई गई। साथ ही नौ दिवसीय अखण्ड अष्ट्याम शुरू हुई जो 5 सितम्बर तक चलेगी। सुबह से ही मन्दिर में राधे कृष्णा की पूजन के लिए दूर दराज से आए भक्तों की भीड़ लगी थी। जय श्री कृष्णा, राधे राधे, नन्द आनंद भयो, गोविन्द मेरो है गोपाल मेरे हैं के जयकारे बुधवार और गुरुवार को देर रात्रि तक गुजती रही। हरे राम हरे कृष्ण का मंत्र गुजते ही माहौल भक्तिमय बन गई। लोगो के लिए प्रसाद और भंडारे की व्यस्था की गई है।श्रीधर बाबा ने कहाकि भगवान कृष्ण का जन्म जेल( बंधन) में हुआ, लेकिन उनके नाम सभी को बन्धन मुक्त कर भवसागर से पार करती है।जब पापियों अधर्मियो के पाप बढ़ जाते है तब भगवान का अवतार होती हैं। अधर्म का नाश कर धर्म की स्थापना करना , दुनिया को प्रेम और कर्म की परिभाषा समझना कृष्णावतार का उद्देश था।

# मुंह के कैंसर, स्तन या सर्वाइकल से पीड़ित मरीजों का सदर में किया जा रहा है बेयोप्सिक : सिविल सर्जन



**छपरा।** कैंसर एक ऐसी जटिल एवं गंभीर बीमारी है जिसकी जद में आने के कारण पूरे विश्व में प्रत्येक वर्ष लाखों लोग काल के गाल में समां जाते हैं। हालांकि ज्यादातर रोगियों में जांच के दौरान पाया जाता है कि उनका कैंसर अब आखिरी चरण में पहुंच चुका है। जिसका वैसी स्थिति में उपचार संभव नहीं होता है। सिविल सर्जन डॉ सागर दुलाल सिन्हा ने बताया कि कैंसर का उपचार शुरुआती लक्षणों को पहचानने के बाद ही संभव होता है। हालांकि लक्षण नजर आने के साथ ही कैंसर की जांच कराने से बहुत से लोगों की जिंदगियां आसानी से बचायी जा सकती है। क्योंकि कैंसर सामान्यतः खतरनाक माना जाता हैं लेकिन ससमय लक्षणों की पहचान कर इससे मुक्ति संभव है। मुंह के कैंसर या स्तन और सर्वाइकल से पीड़ित मरीजों के लिए अच्छी खबर है। क्योंकि इन मरीजों को सदर अस्पताल में बायोप्सी की सुविधा कई महीनों से होमी भाभा कैंसर हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर के स्थानीय विशेषज्ञ डॉ विक्रम आनंद और डॉ प्रिया कुमारी द्वारा उपलब्ध कराई जा रही है। इसके लिए पटना सहित किसी अन्य बड़े शहरों की ओर रुख करना नहीं पड़ेगा।

**कैंसर के 344 स्क्रीनिंग में 22 उच्च लक्षण वाले मरीजों की हुई पहचान : एनसीडीओः** जिला गैर संचारी रोग पदाधिकारी डॉ भूपेंद्र कुमार ने बताया कि जिले के विभिन्न स्वास्थ्य कर्मियों को एनसीडी (कैंसर) से संबंधित विगत महीने 344 कैंसर का स्क्रीनिंग किया गया है। जिसमें 22 उच्च लक्षण वाले मरीजों की पहचान हुई है। इसके लिए सभी स्वास्थ्य संस्थानों में कैंसर स्क्रीनिंग को लेकर विशेष रूप से ध्यान दिया जाता हैं। जिलेवासियों से अपील किया जाता है कि किसी भी महिला या पुरुषो को कैंसर से संबंधित लक्षणों की पहचान होती है तो जल्द ही उसका जांच कराना चाहिए। क्योंकि मुंह के कैंसर, स्तन कैंसर या सर्वाइकल कैंसर के प्रारंभिक लक्षण दिखे, तो तुरंत सरकारी अस्पताल के विशेषज्ञ चिकित्सको की सलाह लेना आवश्यक होता है। इसके लिए ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं में इन दिनों स्तन कैंसर एवं पुरुषों में मुंह के कैंसर के अत्यधिक मामले सामने आ रहे हैं। आजकल युवाओं में तंबाकू सेवन मुंह के कैंसर का प्रमुख कारण बन रहा है। इसके लिए जिले के सभी स्वास्थ्य केन्द्रों की आशा, विद्यालय के शिक्षकों सहित सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी (सीएचओ) और एएनएम के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जा रहा है।

**कैंसर जैसी बीमारी को मुख्य रूप से चार भागों में बांट कर किया जाता है इलाज : डॉ विक्रमः** होमी भाभा कैंसर हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर के कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ विक्रम आनंद ने बताया कि कैंसर जैसी बीमारी को मुख्य रूप से चार भागों में बांटा गया है। पहले की स्थिति में कैंसर का संक्रमण एक छोटे क्षेत्र में सीमित रहता है, और इसका फैलाव शरीर के अन्य हिस्सों में नहीं होता है। जबकि स्टेज 2 में कैंसर में वृद्धि देखी जाती लेकिन फैलाव नहीं होता है। वहीं स्टेज 3 की स्थिति में कैंसर और फैल जाता और शरीर की अन्य कोशिकाओं को प्रभावित कर देता है। लेकिन स्टेज 4 जिसे एडवांस्ड कैंसर की स्थिति में शरीर के कई अंगों में कैंसर का वायरस तेजी से फैलने के साथ ही कोशिकाओं को भी नष्ट कर देता है। कैंसर के मुख्य लक्षणों की बात करें तो मुंह के अंदर या बाहर फोड़ा/जख्म का नहीं भरना, मुंह के अंदर या जीभ पर सफेद चकता, स्तन में गांठ, स्तन से खून का रिसाव, रजोवृति के बाद रक्तस्राव, जननांग मार्ग रिसाव में दुर्गंध, चमड़े पर तिल या गांठ के आकार में इजाफा होना शामिल है।

**वरीय सर्जन डॉ अश्विनी के मार्ग दर्शन में जिंदगी का पहला बायोप्सी करने का सौभाग्य मिला : डॉ प्रियाः** होमी भाभा कैंसर हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर की महिला चिकित्सक डॉ प्रिया कुमारी ने बताया कि जिंदगी का पहला बायोप्सी करने का मौका मिला है। जिसमें बनियापुर की 60 वर्षीय महिला सदर अस्पताल के ओपीडी में स्तन कैंसर से परेशान होकर इलाज कराने के लिए आई हुई थी। पीड़ित महिला ने बताया कि वर्ष 2021 में छोटी सी गांठ हुई, लेकिन इलाज नही कराने के कारण बड़ा हो गया था। हालांकि विगत एक वर्ष से बहुत ज्यादा परेशानी बढ़ गई थी। जिसको लेकर महिला का बायोप्सी सदर अस्पताल के वरीय चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अश्विनी कुमार के दिशा निर्देश और मार्ग दर्शन में किया गया। वहीं दूसरी तरफ मांझी के मटियार स्थित हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर में कैंसर स्क्रीनिंग को लेकर कैंप का आयोजन किया गया था। जिसमें 40 वर्षीय महिला छः महीने से परेशान थी। हालांकि प्रारंभिक दौर की जांच के बाद सदर अस्पताल बुलाया गया था। जहां इनका डॉ विक्रम आनंद के दिशा निर्देश और जीएनएम निकिता कुमारी के सहयोग से बायोप्सी किया गया।

## दो बाइक की टक्कर में एक घायल

**सिवान।** गोरेयाकोठी थाना क्षेत्र स्थित मुख्य बाजार में दो बाइक की आमने-सामने की टक्कर में एक युवक घायल हो गया। स्थानीय लोगों व राहगीरों की मदद से घायल को इलाज के लिए स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने स्थिति को गंभीर देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया। घायल युवक थाना क्षेत्र निवासी अजय पांडेय है।

## ट्रेन में शराब के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**सिवान।** अपराध आसूचना शाखा मुख्यालय गोरखपुर व सिवान आरपीएफ की टीम ने ट्रेन में शराब के साथ दो तस्कर को गिरफ्तार कर लिया। मामले में आरपीएफ इंस्पेक्टर राजेश कुमार सिन्हा ने बताया कि निरीक्षक दुर्गेश कुमार, उनि अबु फरहान गफ्फार, कांस्टेबल बिमलेश कुमार यादव, उप निरीक्षक अशोक कुमार सिंह, सिपाही लक्ष्मण यादव व सिपाही अनिल कुमार द्वारा गाड़ी संख्या 05444 में आपराधिक गतिविधि निगरानी व जांच की जा रही थी। इसी दौरान मैरवा रेलवे स्टेशन से गाड़ी प्रस्थान करने पर कोच में रखे चार पिट्ठू बैग, एक हैंड बैग एवं एक प्लास्टिक का थैला पाया गया। जांच के दौरान उसमें शराब बरामद हुई। जिसकी कीमत लगभग 62 हजार रुपया है। वहां मौजूद दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी में देवरिया के भटनी थाना क्षेत्र के नोनापार निवासी अंकुश तिवारी व वैशाली जिला के नगर थाना क्षेत्र के अंदर किला सीधी घाट मार्ग निवासी शिवम कुमार है। जब्त शराब व गिरफ्तार तस्कर को आगे की कार्रवाई हेतु जीआरपी को सुपुर्द कर दिया गया।

## ट्रक व स्कॉर्पियो की टक्कर में स्कार्पियो के उड़े परखच्चे

**परवेज अख्तर/ सिवान।** भगवानपुर हाट थाना मुख्यालय बाजार से मोरा पथ तीमुहानी स्थित शिव दुर्गा मंदिर के समीप सोमवार की देर रात्रि ट्रक और स्कार्पियो के बीच हुई जोरदार टक्कर में स्कार्पियो के परखच्चे उड़ गए। जिस तरह से क्षतिग्रस्त स्कार्पियो का फोटो प्रसारित हुआ है इससे यह चर्चा होने लगी है कि स्कार्पियो का चालक ओर सवार इस घटना में गंभीर रूप से घायल होंगे जिनका किसी अस्पताल में उपचार चल रहा है। कुछ लोगों ने बताया कि हमलोग कृष्ण जन्माष्टमी पर पूजा अर्चना कर रहे थे तभी मोरा की ओर से तेज रफ्तार में स्कार्पियो एनएच 331 पर पहुंची तभी मलमलिया की ओर से तेज गति से आ रहे ट्रक से टकरा गईजिससे स्कार्पियो का आगे का हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। उसमें सवार चालक सहित अन्य लोग घायल हो गए और खून से लथपथ हो स्कार्पियो से निकल कहीं चले गए। घटना के बाद ट्रक चालक फरार हो गया।

## कर्मचारी महासंघ की बैठक में नई पेंशन योजना का विरोध

**सिवान।** शहर के ललित बस स्टैंड स्थित एक होटल में सोमवार को बिहार राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ (गोपगुट) की बैठक विपिन बिहार पांडेय की अध्यक्षता में हुई। बैठक में जिला सचिव भरत यादव ने एनपीएस के साथ यूपीएस केंद्र सरकार द्वारा जारी की गई नई पेंशन योजना की घोषणा का विरोध प्रकट करते हुए यूपीएस को छलावा बताया गया। कर्मियों ने कहा कि यह घोषणा कर्मचारी के अहित में है। केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार से पुरानी पेंशन ओपीएस योजना को लागू करने की मांग की गई। महासंघ गोप गुट द्वारा एनएमओपीएस बिहार पटना प्रदेश इकाई द्वारा लिए गए निर्णय के समर्थन दो से छह सितंबर तक काला बिल्ला या हाथ में काला पट्टी बांधकर काल दिवस मनाने का ससमय समर्थन किया गया। बैठक में पूर्व उपाध्यक्ष हरेंद्र कुमार, राजकिशोर मिश्रा, सवालिया प्रसाद, प्रेम कुमार मांझी, ज्ञानचंद्र राम, रत्नेश कुमार, बच्चू यादव, अनिल सिंह समेत अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

## जन्माष्टमी की रही धूम, मंदिरों में देर रात तक पूजा अर्चना के लिए उमड़े रहे श्रद्धालु

**सिवान।** जिला मुख्यालय समेत ग्रामीण क्षेत्रों में सोमवार की शाम श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर पूजा अर्चना के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी रही। देर रात तक श्रद्धालु पूजा के लिए मंदिरों में जमे रहे। रात्रि 12 बजे भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव शुरू हुआ जो सुबह तक चलता रहा। इस दौरान मंदिरों में पूरी रात चहल-पहल देखी गई। वहीं पूजा अर्चना के अलावा भजन-कीर्तन, सोहर आदि गीतों से पूरा वातावरण गूंज उठा। इस दौरान मंदिरों की भव्य सजावट की गई थी। शहर के कचहरी रोड स्थित राधाकृष्ण मंदिर की आकर्षक सजावट की गई थी। इस दौरान पूजा के लिए देर रात तक श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी रही। मौके पर बच्चों ने भगवान कृष्ण के रूप में विभिन्न प्रकार की मनमोहक झांकियां प्रस्तुत की। इस दौरान युवतियों में सेल्फी लेने की होड़ मची रही। वहीं बड़हरिया स्थित रामजानकी मंदिर में मृत्युंजय मिश्रा व्यास की उपस्थिति में कृष्ण जन्मोत्सव मनाया गया।

## छपरा-आनंद बिहार-छपरा के बीच चलेगी त्यौहार विशेष गाड़ी

**दैनिक खोज खबर/ सिवान।** रेलवे प्रशासन द्वारा आगामी त्यौहार पर यात्रियों की होने वाली अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुए 05109/05110 छपरा-आनंद बिहार टर्मिनस-छपरा साप्ताहिक विशेष गाड़ी का संचालन छपरा से 18 सितंबर से 27 नवंबर तक प्रत्येक बुधवार को तथा आनंद बिहार टर्मिनस से 19 सितंबर से 28 नवंबर तक प्रत्येक गुरुवार को 11 फेरों हेतु किया जाएगा। वाराणसी मंडल के जनसंपर्क अधिकारी अशोक कुमार ने बताया कि 05109 छपरा-आनंद बिहार टर्मिनस साप्ताहिक त्यौहार विशेष गाड़ी 18 सितंबर से 27 नवंबर तक प्रत्येक बुधवार को छपरा से 1745 बजे प्रस्थान कर सिवान से 1830 बजे, देवरिया सदर, गोरखपुर, खलीलाबाद, बस्ती, गोण्डा, दूसरे दिन बुढ़वल, सीतापुर , बरेली तथा मुरादाबाद छूटकर आनंद बिहार टर्मिनस 1150 बजे पहुंचेगी। वापसी यात्री में 05110 आनंद बिहार टर्मिनस-छपरा साप्ताहिक त्यौहार विशेष गाड़ी 19 सितंबर से 28 नवंबर तक प्रत्येक गुरुवार को आनंद बिहार टर्मिनस से 1255 बजे प्रस्थान कर मुरादाबाद, बरेली, सीतापुर, बुढ़वल, गोंडा , दूसरे दिन बस्ती, खलीलाबाद, गोरखपुर, देवरिया सदर तथा सिवान से 0505 बजे छूटकर छपरा 0645 बजे पहुंचेगी।




## महाराजगंज : अखाड़ेधारी समय सारणी का करें पालन- डीएम

**परवेज अख्तर/सिवान।** महाराजगंज शहर स्थित मौनिया बाबा मेला परिसर में मंगलवार को डीएम मुकुल कुमार गुप्ता व एसपी अमितेश कुमार की अध्यक्षता में मौनिया बाबा मेला की तैयारी को ले बैठक हुई। बैठक में सभी विभाग के अधिकारी, बीडीओ, सीओ, थानाध्यक्ष, मेला प्रबंधन समिति के सदस्य, गणमान्य लोग शामिल हुए। डीएम ने अखाड़ेधारियों से कहा कि वे समय सारणी का पालन करें। अनुशासन के साथ अखाड़ा का प्रदर्शन करें। प्रशासन आपके साथ कदम से कदम मिलाकर चलेगी। मेला को राजकीय मेला घोषित करने के लिए मैंने राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग को रिपोर्ट भेज दी है। डीएम ने कहा कि सांसद सहित अनेक जनप्रतिनिधियों द्वारा राजकीय मेला का प्रस्ताव रखा गया है जिसे विभाग को भेज दिया गया है। उन्होंने अन्य पदाधिकारियों को भी कई निर्देश दिए। वहीं एसपी ने कहा कि मेला के मद्देनजर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल तैनात रहेंगे। जगह- जगह महिला पुलिस की तैनाती रहेगी। मेला के मद्देनजर लाइटिंग की व्यवस्था रहनी चाहिए। उन्होंने विधि-व्यवस्था को ले पदाधिकारियों को कई निर्देश दिए।

## राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम की सफलता को ले आशा को मिला प्रशिक्षण

**दैनिक खोज खबर/पंचदेवरी(गोपालगंज)।** एक से लेकर 19 वर्ष तक के आयु वर्ग के लोगों को एल्बेंडाजोल की दवा खिलाई जाएगी। इसको लेकर मंगलवार को पंचदेवरी स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम की सफलता को लेकर एएनएम एवं आशा दीदियों एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ रंजीत बैठा ने बताया कि 4 सितम्बर को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम आयोजित होगा। जिसके तहत 1 वर्ष से लेकर 19 वर्ष तक के लोगो को एल्बेंडाजोल की दवा खिलाया जाना है। बताया कि कृमि मुक्ति दिवस पर 1 वर्ष से 19 वर्ष तक के सभी बच्चों को एल्बेंडाजोल की खुराक खिलाई जानी है। नामांकित बच्चों को स्कूल में अल्बेंडाजोल की गोली खिलाई जाएगी। जो बच्चे स्कूल में नामांकित नहीं है उन्हें आंगनवाड़ी केंद्रों पर इस दवा की खुराक खिलाई जाएगी। प्रशिक्षण लेने के बाद आशा अपने-अपने कार्य क्षेत्र के प्रत्येक घरों में जाकर सफलता के लिए लोगों को जागरूक करेंगी। मौके पर चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर रंजीत कुमार, प्रबंधक कुमार गौरव, बीसीएम विजय कुमार, सी एच ओ सुरेंद्र सिंह बेरवा , डा एफके त्रिपाठी आदि।

## बीआरसी में रात्रि प्रहरी नहीं रहने से अनहोनी की संभावना

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक प्रखंड संसाधन केंद्र मशरक में रात्रि प्रहरी नहीं होने से कभी भी अनहोनी घटना घट सकती है। वहीं परिसर में आदर्श मध्य विद्यालय भी हैं। तब भी एक रात्री प्रहरी नहीं है। वहीं आपकों बता दें कि बीते दिनों पहले परिसर में जरनेटर का मोटर चोरी हो गई थी।बीआरसी परिसर में लाखों की समान राम भरोसे रहता है। प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी डॉ वीणा कुमारी ने बताया कि जिला को इसकी सूचना दे दी गई है। आपकों बता दें कि विधालय की छुट्टी के बाद परिसर में अवांछनीय तत्वों की गतिविधी बढ़ जाती है।

## प्रखंड स्तरीय बैंकर्स समिति की बैठक आयोजित

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक प्रखंड मुख्यालय स्थित बीडीओ कक्ष में प्रखंड स्तरीय बैंकर्स समिति की बैठक आयोजित की गई। मौके पर बीडीओ पंकज कुमार,सीओ सुमंत कुमार, भारतीय स्टेट बैंक चैनपुर शाखा प्रबंधक शशी शेखर समेत अन्य मौजूद रहें। मासिक बैठक में बैंक प्रबंधक के साथ कई अहम मुद्दों पर चर्चा की गई। साथ ही अंचल और प्रखंड क्षेत्र में चौमुखी विकास हो इस के लिए बैंक के तरफ से कैसे इस?पर कार्य हो चर्चा किया गया। बैठक में मुख्य रूप से बैठक में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, केसीसी, महिला स्वयं सहायता समूह एवं प्रधान मंत्री जन-धन मुद्रा योजना के क्रियान्वयन में मिल रही शिकायतों पर चर्चा की गई।

## सोहर व भक्तिगीतों से गूंजा रामजान की मंदिर

**आंदर (सिवान)।** प्रखंड के असांव स्थित रामजानकी मंदिर परिसर में सोमवार की रात श्रीकृष्ण भगवान का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान पूजा अर्चना के बाद सोहर व भक्तिगीतों से पूरा वातावरण गूंज उठा। इस दौरान श्रद्धालुओं द्वारा फूलों की वर्षा की। इस मौके पर राजन कुमार, प्रहलाद रौनियार, रंजन कुमार, कुमार नीलेश, गोलू जायसवाल, राजकुमार, रिषभ मद्देशिया, मनोहर प्रसाद, दानी मिश्रा, श्यामबिहारी मिश्रा समेत काफी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे। वहीं खेढ़ांय गांव में मां क्रांतिकारी दुर्गा पूजा सेवा समिति के सौजन्य से कृष्ण जन्मोत्सव मनाया गया। मौके पर नवयुवकों द्वारा मटकाफोड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें कुशवाहा टीम को विजेता घोषित किया गया।

साओ व थानाध्यक्ष उपस्थित थे।

